श्याम से नाता | by Manoj Goyal

श्याम नाम आठो याम मुझको भाता है
मस्ती में रहता हूँ मेरा श्याम से नाता है
श्याम नाम आठो याम...........

श्री श्याम नाम रस का जबसे लगा है चस्का
मैं हो गया दीवाना मेरे दिल पे राज उसका
उससे मिलने उसके दर पे मैं जाता बारम्बार रे
जाता हूँ मैं जब भी वो मुस्काता है
मस्ती में रहता हूँ मेरा श्याम से नाता है
श्याम नाम आठो याम...........

होती है जो जरुरत मुझको वो दे रहा है
अपने चरण की सेवा मुझसे वो ले रहा है
मैं क्यों जाऊं दूजे द्वारे मेरा श्याम बड़ा दातार है
बिन मांगे ही मुझको तो मिल जाता है
मस्ती में रहता हूँ मेरा श्याम से नाता है
श्याम नाम आठो याम...........

उसकी कृपा को हर पल महसूस कर रहा हूँ
उसकी दया की दौलत हृदय में भर रहा हूँ
मैं ये जानू उसके कारण मेरी दुनिया में पहचान है
हाथों से जीवन को श्याम सजाता है
मस्ती में रहता हूँ मेरा श्याम से नाता है
श्याम नाम आठो याम...........

किसी कर्म काण्ड की तो आती ना मुझको रस्मे
कोई पूजा पाठ करना बिन्नू के ना है बस में
तेरा वंदन और अभिनन्दन ये मेरे दिल के भाव हैं
भाव में रहता हूँ कुछ नहीं आता है
मस्ती में रहता हूँ मेरा श्याम से नाता है
श्याम नाम आठो याम...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87-%e0%a4%a8%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-by-manoj-goyal/